हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 22 फरवरी 2026

06 समुदाय-केंद्रित पुलिसिंग से स्थानीय स्तर पर शिकायतों...



09 मातृभाषा की उपयोगिता विषय पर निबंध प्रतियोगिता...





## खबर संक्षेप

### जामुनखेड़ी, मगरा व रेडोन रैयतवारी शालाओं के नवीन शाला भवन स्वीकृत हुए

**सागर।** पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह के प्रस्ताव पर खुरई विधानसभा क्षेत्र की तीन शासकीय प्राथमिक शालाओं के जीर्ण-शीर्ण हो चुके शाला भवनों के स्थान पर 52.75 लाख की लागत से तीन नवीन शाला भवन स्वीकृत किए गए हैं। तीनों शाला भवनों का निर्माण लोक निर्माण विभाग करेगा। स्वीकृत हुए खुरई विधानसभा क्षेत्र के शासकीय प्राथमिक शाला जामुन खेड़ी नवीन शाला भवन लागत 18.25 लाख, मालथौन विकासखंड में शासकीय प्राथमिक शाला मगरा का नवीन शाला भवन लागत 16.25 लाख, शासकीय प्राथमिक शाला रेडोन रैयतवारी का नवीन शाला भवन लागत 18.25 लाख की स्वीकृत किए गए हैं।

### पुणे ट्रेन के लिए पोस्ट कार्ड अभियान शुरू

**सागर।** बीना-कटनी होकर पुणे के लिए एक यात्री ट्रेन की मांग को लेकर एकता समिति ने पोस्टकार्ड अभियान शुरू किया है। समिति ने 1000 पोस्टकार्ड प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को भेजने का निर्णय लिया है। आईटी एवं एजुकेशन हब पुणे में बुंदेलखंड के युवा बड़ी संख्या में कार्यरत हैं। इस ट्रैक पर अभी एक भी ट्रेन सीधे नहीं है जिससे हजार परिवारों को आने-जाने में भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है । पुणे के लिए जबलपुर भोपाल से अनेक ट्रेन है लेकिन बीना- कटनी ट्रेक की उपेक्षा रेल मंत्रालय निरंतर कर रहा है। बीना कटनी होकर पुणे के लिए यात्री ट्रेन की मांग लंबे समय से की जा रही है । एकता समिति ने आज विधायक शैलेंद्र जैन के हस्ताक्षर से पोस्टकार्ड अभियान शुरू किया है। समाज के विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से हस्ताक्षर कर पोस्ट कार्ड भेज कर केन्द्र सरकार का ध्यान आकर्षित कराया जाएगा।

### किसान महाचौपाल में अधिक से अधिक संख्या में किसान व कार्यकर्ता पहुंचे

**सागर।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे एवं नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, ट्रेड डील में किसानों के साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध को लेकर 24 फरवरी को भोपाल में किसान महाचौपाल को संबोधित करेंगे। यह बात जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में आयोजित बैठक के दौरान कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की। उन्होंने आगे कहा कि मोदी सरकार द्वारा अमेरिका के साथ की गई ट्रेड डील के विरोध में प्रदेश के 3 कलंकित मंत्रियों के इस्तीफे की मांग एवं प्रदेश में व्याप्त आर्थिक बदहाली और अराजकता के विरुद्ध मप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा 24 फरवरी को भोपाल में किस महाचौपाल को कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष खड़गे एवं लोकसभा की नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी राहुल गांधी संबोधित करेंगे। अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं।

### श्री प्रेम प्रसारिणी सनाढ्य सभा की मासिक बैठक आज

**सागर।** श्री प्रेम प्रसारिणी सनाढ्य सभा सागर का जिला स्तरीय पाक्षिक अधिवेशन (पंचमी कार्यक्रम) 106वें वर्ष 2026 का चतुर्थ पाक्षिक आयोजन (पंचमी कार्यक्रम) 22 फरवरी रविवार को देवरी ग्राम घुघरी में दोपहर 01 बजे श्याम सुंदर कटारे के यहां आयोजित है । जिसमें सनाढ्य सभा सागर एवं देवरी के सभी पदाधिकारी गण एवं देवरी एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के समस्त सनाढ्य विप्र बन्धु उपस्थित रहेंगे हैं। पाक्षिक अधिवेशन के बाद श्री रामचरितमानस प्रसारिणी सनाढ्य मंडल देवरी की मासिक बैठक का आयोजन मानस भवन देवरी मैं शाम 04 बजे आहुत की गई है। जिसमें देवरी सनाढ्य मंडल के साथ साथ सागर के समस्त पदाधिकारी गण उपस्थित रहेंगे समाज में एकरुपता समाज उत्थान के विषय पर चर्चा होगी।

---

**मालथौन में 1.92 करोड़ के विकास कार्यों का लोकार्पण**

## फूल-मालाएं भगवान और साधु संतों को पहनाई जाना चाहिए हम जनता के सेवक हैं सेवक का भाव बना रहना चाहिए: भूपेंद्र सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

पूर्व गृहमंत्री भूपेन्द्र सिंह ने मालथौन में 1.92 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन व लोकार्पण किया है। फूलमालाओं से स्वागत कराने के स्थान पर जनउपयोगी सामग्री से स्वागत कराने के अपने निर्णय पर उन्होंने जानकारी दी कि बीते 3 महीनों में स्वागत के रूप में मिली लगभग 30 लाख की सामग्री स्कूली बच्चों, जरूरतमंद महिलाओं और गरीबों में वितरित की गई है। आज भी मालथौन के कस्तूरबा गांधी व बाबू जगजीवन राम बालिका छात्रावास की 200 छात्राओं को उन्होंने लाखों रुपए की उपयोगी सामग्री भेंट की। लोकार्पण, भूमिपूजन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व गृहमंत्री सिंह ने कहा कि फूल-मालाएं भगवान और साधु संतों को पहनाई जाना चाहिए। हम जनता के सेवक हैं सेवक का भाव बना रहना चाहिए। मालाएं पहनने से अभिमान का भाव आ सकता है।

उन्होंने कहा कि मालाएं नहीं पहनने की परंपरा आगे बढ़ेगी और अन्य नेता भी ऐसा निर्णय लेंगे। उन्होंने कहा कि हमारा जीवन इसलिए ही है कि दूसरों के काम आए। उन्होंने कहा कि उनके जन्मदिन पर शुभचिंतक रक्तदान करके हजारों लोगों के प्राण बचाते हैं। ऐसे रक्तदान शिविरों से पिछले 11 साल में 17 हजार यूनिट रक्त सरकारी अस्पतालों के ब्लड बैंकों को सौंपा गया है। सागर कार्यालय में रक्त सेवा काल सेंटर संचालित है जिसके माध्यम से प्रतिदिन 5-7 जरूरतमंदों को आधे घंटे में रक्त उपलब्ध हो जाता है।



पूर्व गृहमंत्री सिंह ने मंच से गत 10 फरवरी को मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के स्वागत कार्यक्रम को एतिहासिक बनाने के लिए क्षेत्र की जनता को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि उस दिन डेढ़ से दो लाख क्षेत्र के लोगों ने मुख्यमंत्री का स्वागत किया। मुख्यमंत्री जी ने भी कमी नहीं रखी और एक हजार करोड़ के विकास कार्यों की सौगातें खुरई विधानसभा क्षेत्र को दीं जो अभी तक जिले में मुख्यमंत्री की सबसे बड़ी घोषणाएं थीं। उन्होंने बताया कि बीना नदी परियोजना तथा उल्दन बांध परियोजना के रुके हुए शेष काम को करने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 437 करोड़ स्वीकृत किए। राहतगढ़ -खुरई-खिमलासा रोड को फोर लेन के रूप में उन्नयन करने के लिए 500 करोड़ तथा बरोदिया-रजवांस क्षेत्र के 50 गांवों की बिजली समस्या के स्थायी समाधान के लिए 132 केवीए का विद्युत सबस्टेशन मुख्यमंत्री ने स्वीकृत किया जिससे इस क्षेत्र की आर्थिक प्रगति बढ़ेगी। उन्होंने बताया कि मध्यप्रदेश सरकार के बजट में एक लाख किसानों को 90 प्रतिशत अनुदान पर सोलर पंप उपलब्ध कराने, कक्षा एक से आठ तक के विद्यार्थियों को यशोदा योजना के तहत मध्यान्ह भोजन के साथ प्रतिदिन दूध का पैकेट देने,, लाड़ली बहनों को अटल पेंशन योजना से जोड़ कर वृद्धावस्था तक आर्थिक सुरक्षा देने तथा लाड़ली बहनों को प्रतिमाह राशि देने के लिए राशि 18.66 हजार करोड़ से बढ़ा कर 24 हजार करोड़ का प्रावधान करने जैसे प्रावधान किए हैं। उन्होंने बताया कि खुरई विधानसभा क्षेत्र के लिए 50 करोड़ की लागत से चार महत्वपूर्ण सड़कें बजट में स्वीकृत की गई हैं। मालथौन आईटीआई के लिए नये भवन व ट्रेड वृद्धि, मालथौन व खुरई में गौसंवर्धन केंद्र स्वीकृत हुए हैं। श्री सिंह ने बताया कि उन्होंने केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी से खिमलासा-मालथौन मार्ग को फोर लेन करने की चर्चा की है जिसमें उन्होंने सहमति दी है, इससे दूरी कम होगी और यातायात बढ़ने से रोजगार बढ़ेगा।

पूर्व गृहमंत्री सिंह ने बताया कि मालथौन विकासखंड में नयी सूची में 1100 पीएम आवास स्वीकृत किए गए हैं। नये आवासीय पट्टों की सूची सर्वे उपरांत अनुमोदन के लिए कलेक्टर को भेजी गई है जो जल्द ही स्वीकृत होगी। उन्होंने कहा कि मालथौन में सरकारी भूमि पर्याप्त है और कोई भी परिवार आवासीय पट्टे से वंचित नहीं रहेगा।सिंह ने कहा कि अभी तक खुरई विधानसभा क्षेत्र के 150 गांवों को नगर परिषदों और नगर पालिका में शामिल किया जाकर शहरीकरण में शामिल किया जा चुका है। अगले चरण में एक नई नगर परिषद मालथौन विकासखंड में रेडोन या परसोन के रूप में बनाई जाएगी। मालथौन नगर परिषद का भी क्षेत्र विस्तार करते हुए अटा, सीपुर, किशन गढ़ और भैलैंया जैसे ग्रामों को शामिल कर इनका नगरीकरण किया जाएगा।

---

## मंत्री गोविंद राजपूत ने 300 करोड़ की मिड़वासा परियोजना की क्षेत्रवासियों को सौगात दी



**सागर।** प्रदेश के केबिनेट मंत्री गोविंद सिंह राजपूत के अथक प्रयासों से बहुप्रतीक्षित मिडवासा सिंचाई परियोजना को शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस महत्वपूर्ण परियोजना पर कुल 300 करोड़ की लागत आएगी, जिससे क्षेत्र के किसानों को बड़ी राहत मिलने जा रही है। परियोजना के पूर्ण होने पर सुरखी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम करैया जारो, मोकलपुर, हनौताखुर्द, नारायणपुर, बंसिया, बेरसला, बैरसिया, हफसिली, बिहारीखेड़ा, तालग्वारी, गुआरी, बदरचुआ, घाटमपुर, सगोरिया, अर्जना, एवं बरोदा रहली के अलावा नरयावली विधानसभा के ग्राम बरखुआ तिवारी, उदयपुरा तिवारी, समनापुर, किशनपुर, रहली विधानसभा के ग्राम सेमरा अंगद, सिमरिया बेलई, सेजपुरा, देवरी, खांड़, रेवझा, हिलगन, मोहनपुरा एवं ढाना के लगभग 7200 हेक्टेयर कृषि भूमि को सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इससे न केवल फसलों की उत्पादकता में वृद्धि होगी, बल्कि किसानों की आय में भी उल्लेखनीय बढ़ोतरी होगी। लंबे समय से क्षेत्रवासी इस परियोजना की मांग कर रहे थे, जिसे अब मूर्त रूप मिलने जा रहा है।मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और सिंचाई सुविधाओं के विस्तार के माध्यम से कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाया जा रहा है। ताकि हमारे क्षेत्र के किसान भी पंजाब, हरियाणा जैंसे, कृषि में वृद्धि करके कृषि लाभ कमाएं। भाजपा सरकार का उद्देश्य है कि किसान भाईयों को अधिक से अधिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाये, जिसको लेकर लगातार सरकार प्रयास कर रही है। इस परियोजना से हजारों किसानों को लाभग मिलेगा तथा क्षेत्र में पानी की समस्या भी खत्म होगी। यह केवल परियोजना नहीं किसानों और क्षेत्र वासियों के लिए पानी का वह स्रोत है जिससे अब खुशहाली ही खुशहाली होगी। उन्होंने बताया कि परियोजना के शीघ्र क्रियान्वयन के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक निर्देश दिए हैं।परियोजना स्वीकृत होने पर सरमन सिंह, नरवदा सिंह, विशाल सिंह, महाराज सिंह, शिवकांत राजौरिया, प्रेमनारायण नगाईच, मोनू राजपूत, डॉ.कमलेश ठाकुर, गोकुल कुर्मी, बुंदेल सिंह, राममनोहर पांडेय, अयज अवस्थी, शैलेंद्र खरे, राघवेंद्र राजपूत, ब्रजेश राजपूत, ओमकार दुबे, शिवप्रसाद कुर्मी, जमुना कुर्मी, मनीष पांडेय, श्यामसुंदर पांडेय, मनोहर सिंह, महेंद्र सिंह, नेपाल सिंह, वृंदावन कुर्मी, सीताराम कुर्मी, दुर्गा रैकवार सहित क्षेत्र के किसानों एवं जनप्रतिनिधियों ने इस स्वीकृति पर हर्ष व्यक्त करते हुए मंत्री गोविंद सिंह राजपूत का आभार जताया है। माना जा रहा है कि यह परियोजना सुरखी क्षेत्र के कृषि विकास में मील का पत्थर साबित होगी।

---



## नई शिक्षा नीति 2020 व उच्च शिक्षा में शोध की संभावनाओं पर सेमिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गढ़ाकोटा

शासकीयस्नातकोत्तर महाविद्यालय, गढ़ाकोटा के इतिहास विभाग तथा अर्थशास्त्र विभाग द्वारा एम.ए.प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों हेतु "नई शिक्षा नीति एवं उच्च शिक्षा में अनुसंधान की संभावनाएँ" विषय पर एक प्रभावशाली सेमिनार का सफल आयोजन विद्यार्थियों के बीच किया गया।

कार्यक्रम के संरक्षक प्राचार्य डॉ. घनश्याम भारती रहे। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में उन्होंने शोध की उपयोगिता, पुस्तक लेखन की प्रक्रिया तथा अकादमिक गुणवत्ता के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति विद्यार्थियों में नवाचार, शोध-चेतना और आत्मनिर्भरता विकसित करने का सशक्त माध्यम है। सेमिनार का सफल संचालन इतिहास विभागाध्यक्ष अभय सिंह यादव तथा अर्थशास्त्र के विभागाध्यक्ष पुष्पेंद्र बर्मन द्वारा किया गया। उन्होंने विद्यार्थियों को शोध-पद्धति, संदर्भ-संग्रह एवं अकादमिक लेखन की बारीकियों से परिचित कराया तथा विषय की रूपरेखा प्रभावी ढंग से प्रस्तुत की। इस अवसर पर डॉ. कृष्णा बागड़े, पुष्पेंद्र वर्मन एवं बृजलाल अहिरवार ने भी अपने सारगर्भित विचार रखे। उन्होंने उच्च शिक्षा में शोध के नए आयामों, अंतःविषयक अध्ययन तथा वैश्विक प्रतिस्पर्धा में भारतीय शिक्षा की भूमिका पर प्रकाश डाला। इतिहास तथा अर्थशास्त्र विभाग के कई छात्र-छात्राओं ने अपना सारगर्भित सेमिनार प्रेजेंटेशन इतिहास तथा अर्थशास्त्र के विभिन्न विषयों पर बड़े ही कुशलता पूर्ण ढंग से दिया।

कार्यक्रम के अंत में छात्रा निकिता कुमारी जारोलिया द्वारा आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने प्राचार्य सहित सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों के प्रति कृतज्ञता एवं आभार माना तथा छात्रों के बीच आयोजित सेमिनार की सफलता के लिए सभी का धन्यवाद दिया।

---

## गर्मी के पहले ही बागसपुरा गांव में बूंद-बूंद को तरसे ग्रामीण, स्कूल छोड़ पानी भरने को मजबूर मासूम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

तहसील के ग्राम बगासपुरा में पिछले दो महीनों से जल संकट ने विकराल रूप धारण कर लिया है। गाँव की नल-जल योजना पूरी तरह ठप होने के कारण ग्रामीणों के बीच 'त्राहि-त्राहि' मची हुई है। आलम यह है कि भविष्य संवारने की उम्र में मासूम बच्चे स्कूल छोड़कर सिर पर बर्तन रखे पानी ढोने को मजबूर हैं।



### नल-जल योजना का बोर हुआ खराब

ग्रामीणों ने बताया कि गाँव में स्थापित नल-जल योजना का बोर पिछले दो माह से खराब पड़ा है। प्रशासन और संबंधित विभाग को इसकी सूचना देने के बावजूद अब तक सुधार कार्य नहीं कराया गया है। पाइपलाइनों में धूल जम रही है और ग्रामीण प्यास बुझाने के लिए दर-दर भटक रहे हैं। गाँव की महिलाएं और बच्चे करीब आधा किलोमीटर दूर स्थित एकमात्र सरकारी हैंडपंप से पानी लाने को विवश हैं।

पानी की किल्लत का सबसे बुरा असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। कई बच्चे सुबह स्कूल जाने के बजाय कतारों में लगकर घर के लिए पानी जुटा रहे हैं।

### हैंडपंप भी दे रहा जवाब

भीषण गर्मी की आहट से पहले ही जलस्तर नीचे गिरने लगा है। ग्रामीणों का कहना है कि गाँव का एकमात्र सहारा यह हैंडपंप भी अब दम तोड़ने लगा है। यदि जल्द ही बोर नहीं सुधरा, तो स्थिति बेकाबू हो जाएगी। खराब पड़े बोर को तत्काल सुधारा जाए। वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर टैंकरों से जलापूर्ति शुरू की जाए। नल-जल योजना का स्थायी निराकरण किया जाए ताकि भविष्य में ऐसी स्थिति न बने।

---

## फरसा से मारने के मामले में दोषियों को 7 साल की कैद

**खुरई।** मालथौन के मड़ावनगौरी गांव में हत्या के प्रयास के मामले में द्वितीय जिला सत्र न्यायधीश शोएब खान के न्यायालय ने दोष सिद्ध होने पर आरोपी प्रकाश पिता हलके चढ़ार को 7 साल सश्रम कारावास एवं 10 हजार रुपए अर्थदंड की सजा से दंडित किया है। अभियोजन की ओर से एजीपी बलवीर सिंह ठाकुर के अनुसार घटना दिनांक 16 दिसंबर 2023 को हरिओम 16 साल पिता देवेन्द्र यादव गांव के आदिवासी मोहल्ला छापर में क्रिकेट खेल रहा था। दोपहर 3 बजे गेंद आरोपी प्रकाश के बाड़े में चली गई। जब आरोपी से गेंद मांगी तो वह अपशब्द कहने लगा। विवाद होने लगा तभी हरिओम ने अपने भाई रानू को बुलाया। उसने प्रकाश को समझाने का प्रयास किया, तभी आरोपी ने फरसा उठाकर रानू की गर्दन पर हमला कर दिया। जो उसके जबड़े में लगा। उसके बाद प्रकाश साथ के लोग आ गए, जिन्होंने हरिओम के साथ भी मारपीट की। इसके बाद घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने हरिओम की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना के बाद प्रकरण न्यायालय में पेश किया।



## खटीक समाज के आराध्य श्री खटवांग महाराज मंगल भवन का लोकार्पण संपन्न

**सागर।** धर्मश्री डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड में लगभग 40 लाख रुपये की लागत से खटीक समाज के आराध्य श्री खटवांग महाराज के नाम से निर्मित भव्य मंगल भवन का लोकार्पण सागर विधायक शैलेंद्र कुमार जैन के कर कमलों से संपन्न हुआ। कार्यक्रम का आयोजन खटीक समाज द्वारा उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में किया गया। कार्यक्रम में रामबाग मंदिर के महंत श्री घनश्याम दास जी महाराज, भाजपा जिला अध्यक्ष श्याम तिवारी, नगर निगम अध्यक्ष वृंदावन अहिरवार एवं नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री विशेष रूप से उपस्थित रहे। समाजजनों द्वारा अतिथियों का पुष्प वर्षा, शॉल, श्रीफल एवं पुष्पमाला से भव्य स्वागत एवं सम्मान किया गया। अपने संबोधन में विधायक जैन ने कहा कि खटीक समाज एक पराक्रमी एवं संघर्षशील समाज रहा है, जिसे इतिहास में लड़ाकू समाज के रूप में जाना जाता है। रघुवंशी परंपरा से जुड़े इस समाज ने राष्ट्र और समाज की रक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने बंगाल के महान क्रांतिकारी गोपाल पाठा का उल्लेख करते हुए कहा कि समाज के महापुरुषों के आदर्श नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत हैं।

---

## मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम कीर्ति स्तंभ पर होगा संपन्न

सागर। हर माह के अंतिम रविवार को होने वाले शहर कांग्रेस सेवादल के मासिक ध्वजवंदन कार्यक्रम कीर्तिस्तंभ पर मुख्य अतिथि बरिष्ठ कांग्रेसी रफीक गनी के करकमलों से संपन्न होगा। कार्यक्रम मे प्रमुख रूप से जिला शहर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री महेश जाटव और प्रदेश सेवादल महासचिव विजय साहू उपस्थित रहेगे। कार्यक्रम के आयोजक शहर कांग्रेस सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने सभी कांग्रेस जनों,महिला कांग्रेस,युवक कांग्रेस,एन एस यू आई सदस्यों,पार्षद गणों, यंग ब्रिगेड,सेवादल परिवार जनो से फरवरी सुबह 10.30 पर कीर्ति स्तंभ पर उपस्थित रहकर कार्यक्रम सफल बनाने की अपील की है।

---

**विधानसभा घेराव को लेकर शहर कांग्रेस की बैठक संपन्न**

## भाजपा का कांग्रेस कार्यालय का घेराव असफल, आक्रोशित कांग्रेसियों ने कई जगह मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन मंत्री के पुतले जलाए

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भाजपा व उनके संगठन द्वारा कांग्रेस कार्यालय के घेराव की धमकी से आक्रोशित कांग्रेसियों ने बड़ी संख्या में एकत्रित होकर कांग्रेस कार्यालय के बाहर भाजपा के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और और कांग्रेस की महिला नेत्रियों द्वारा भाजपा के इस पागलपन के भूत भगाने झाड़ू लहराए। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव ने चेतावनी दी थी अगर कांग्रेस कार्यालय के पास भाजपाई आ गए तो भाजपा के हर जन प्रतिनिधि के घर पर पुतले जलाएगी। जिला शहर कांग्रेस अध्यक्ष महेश जाटव के नेतृत्व में कांग्रेस कार्यालय के पास कांग्रेस ने नगरीय प्रसासन मंत्री का पुतला दहन किया गया। वहीं युवक कांग्रेस और महिला कांग्रेस द्वारा भी मुख्यमंत्री नगरीय प्रशासन मंत्री के पुतले दहन किए गए। इस बीच काफी देर तक वर्चस्व को लेकर तनातनी बनी रही एवं भारी संख्या में पुलिस बल मौजूद था और जमकर वाटर कैनन का प्रयोग किया। लेकिन कांग्रेसियों की हौसले को नहीं रोक पाए। शाम चार बजे तक भाजपा के पास विरोध में संख्या बल तक नहीं था कांग्रेसियों की जबरदस्त उपस्थिति देखकर, कांग्रेस कार्यालय तक भाजपाई नहीं पहुंच पाए। महेश जाटव ने कहा कि भाजपा को महसूस होने लगा है कि वह विपक्ष की भूमिका में बहुत जल्द आने वाले है क्योंकि सत्ता होने के बाद भी जनप्रतिनिधियों के ऐसे आयोजनों में उपस्थिती होना दर्शाता है कि वह हताश हो चुके हैं और विपक्ष की भूमिका निभाने की तैयारी में वह लग गए हैं ।



### शहर कांग्रेस ने किया बैठक का आयोजन

अध्यक्ष महेश जाटव ने कहा कि मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के आह्वान पर केंद्र सरकार की ट्रेड डील, प्रदेश की बदहाली अब अभद्र भाषा शैली वाले मंत्री के विरोध मैं विधानसभा का घेराव हो रहा है जिसमें कांग्रेस पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं राहुल गांधी भी भोपाल आ रहे हैं। अधिक से अधिक संख्या पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाएं। महेश जाटव ने कहा की लड़ाई जनता की है जनता के हितों के लिये जब तक जनता को न्याय नहीं मिल जाता कांग्रेस निरंतर जारी रखेगी। पूर्व अध्यक्ष ग्रामीण डॉक्टर आनंद अहिरवार ने कहा कि मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपनी हदें पार कर दी है जिस तरीके से वह भाषा शैली का इस्तेमाल कर रहे हैं उन्हें पद से हटा देना चाहिए।

---

## सामाजिक उद्यमिता, देशज ज्ञान और संस्कृति को नवाचार में जोड़ें : डॉ दिवाकर सिंह राजपूत

**सागर।** डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर के मानविकी एवं समाज विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता डॉ दिवाकर सिंह राजपूत ने शिक्षा सम्वाद समारोह के पांचवें तकनीकी सत्र में शोध परक विचार रखे। डॉ राजपूत ने विकसित छत्तीसगढ़ के लिए कार्ययोजना भी प्रस्तुत की।उच्च शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन एवं ईलेट्स टेक्नोमीडिया के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित शिक्षा संवाद कार्यक्रम में पेनलिस्ट की भूमिका में विचार प्रस्तुति करते हुये अपने उद्बोधन में प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत ने कहा कि शिक्षा और शोध में नवाचार के लिए सामाजिक उद्यमिता, देशज ज्ञान परम्परा और वैश्विक परिदृश्य को ध्यान में रखते हुए कार्य योजना बनाई जाए तब ज्यादा सार्थक परिणाम मिलेंगे। विकसित छत्तीसगढ़ की अवधारणा को साकार करने के लिए छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत, प्राकृतिक समृद्धि और मानवीय मूल्यों को संरक्षित रखने की जरूरत है। उल्लेखनीय है कि शिक्षा सम्वाद के उद्घाटन सत्र में छत्तीसगढ़ के शिक्षा मंत्री टंक राम वर्मा, सचिव उच्च शिक्षा भारतीदासन, कमिश्नर उच्च शिक्षा डॉ संतोष देवांगन, ईलेट्स इलेक्ट्रोमीडिया के संस्थापक रवि गुप्ता और एलेक्स समूह के डॉ सुधाकर राव ने संबोधित किया था।

विधायक निधि से किए जा रहे निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन

# क्षेत्र की जनता अनुरूप ही किए जाएंगे विकासकार्यः यादवेंद्र सिंह





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

विधायक यादवेन्द्र सिंह बुंदेला ने शनिवार को विधानसभा में आयोजित विभिन्न कार्यक्रमों में शामिल होकर जनता से वाद संवाद किया। इस दौरान क्षेत्र में भ्रमण के दौरान एक ग्राम पंचायत में विधायक निधि से किए जा रहे कार्य का भूमिपूजन किया। वहीं दूसरी ओर एक ग्राम पंचायत में मंदिर की प्राणप्रतिष्ठा में शामिल होकर धर्मलाभ लिया। इसी दौरान जनता की मांग पर कुछ निर्माण कार्यों की घोषणा की गईं। विधानसभा के अंतर्गत ग्राम पंचायत लारखास में विधायक निधि से करीब 9 लाख 61 हजार रुपए की लागत से बनने जा रहें निबऊ नाले पर पुलिया निर्माण कार्य का विधायक यादवेन्द्र सिंह बुंदेला ने भूमिपूजन किया।

इस दौरान विधायक यादवेन्द्र सिंह ने कहा कि मेरे विधायक कार्यकाल में जनता की मांग के अनुरूप ही विकासकार्य किए जायेंगे। विधानसभा क्षेत्र की जनता द्वारा जिस जरूरी व जनहित उपयोगी कार्य की मांग की जाएगी। वह कार्य बिना किसी देरी के शीघ्रता से किया जाएगा। जिससे जनता को यह अनुभव हो सके कि इस विधानसभा की जनता ही विधायक है। इसलिए जनता के कहे अनुसार और इक्षा अनुरूप ही कार्य किया जायेगा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में विधायक यादवेन्द्र सिंह के साथ कार्यक्रम अध्यक्ष के रूप में विधायक प्रतिनिधि सूर्यप्रकाश मिश्रा दद्दी के अलावा ग्राम पंचायत लार के सरपंच राहुल राजकुमार गौतम, पूर्व सरपंच केसर तिवारी, महेंद्र खिलन गौतम, सन्तोष दुबे, घनश्याम लोधी सुंदरपुर, कालू रैकवार, संतोष तिवारी, मोनू गौतम, द्वारका राय सहित समस्त ग्रामवासी एवं कार्यकर्ता साथी उपस्थित रहे। उक्त निर्माण कार्य लोकनिर्माण विभाग के द्वारा किया जाएगा।

उक्त कार्य की निर्माण एजेंसी बालाजी कंस्ट्रक्शन कंपनी बताई गईं है। इसके बाद सांतखेरा सुंदरपुर में भगवान शंकर और हनुमान मंदिर में आयोजित प्राणप्रतिष्ठा समारोह में भी विधायक यादवेन्द्र सिंह ने शामिल होकर धर्म लाभ प्राप्त किया। इस दौरान विधायक यादवेन्द्र सिंह ने विधायक निधि से नवीन हैंडपंप व धर्मशाला निर्माण कराने की घोषणा की।

एसपी मंडलोई की संवाद पहल का सकारात्मक परिणाम आ रहा सामने

# समुदाय-केंद्रित पुलिसिंग से स्थानीय स्तर पर शिकायतों में 36 प्रतिशत की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



जनसहभागिता आधारित पुलिसिंग को नई ऊर्जा प्रदान करते हुए पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई द्वारा संचालित ग्रामों में महिलाओं के मध्य विशेष जनसंवाद अभियान अंतर्गत जिला पुलिस ने संवाद, विश्वास और त्वरित समाधान को अपनी कार्यशैली का प्रमुख आधार बना लिया है। जिसके चलते पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आने बाली शिकायतों में लगभग 36 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। यह आंकड़ा इस बात का संकेत है कि स्थानीय स्तर पर समस्याओं का समयबद्ध निराकरण हो रहा है तथा पुलिस-जन सहयोग में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है।

पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के मार्गदर्शन में जिला पुलिस समुदाय केंद्रित पुलिसिंग को व्यवहारिक रूप दे रही है, जिसका उद्देश्य आमजन और पुलिस के बीच पारदर्शी, सहज और विश्वासपूर्ण संबंध स्थापित करना है। जिसके चलते 20 फरवरी को मजना चौकी प्रभारी उप निरीक्षक वीणा विश्वकर्मा ने अपनी पुलिस टीम के साथ मजना चौकी क्षेत्र के ग्रामों में महिलाओं के मध्य विशेष जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर महिलाओं ने खुले मन से अपनी समस्याएँ, सुझाव और पुलिस से की जा रही अपेक्षाएँ साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान पुलिस टीम ने महिलाओं एवं परिवारों से व्यक्तिगत रूप से संवाद कर उन्हें सुरक्षा, सम्मान और विधिक अधिकारों के प्रति जागरूक किया। घरेलू विवाद, पारिवारिक मतभेद, नशे की समस्या तथा स्थानीय स्तर पर उत्पन्न तनावपूर्ण परिस्थितियों के समाधान हेतु व्यवहारिक और कानूनी मार्गदर्शन किया गया। उक्त संवाद के दौरान जिन विषयों पर मजना चौकी प्रभारी वीणा विश्वकर्मा द्वारा विशेष मार्गदर्शन दिया गया उनमे घरेलू हिंसा एवं पारिवारिक विवादों से संबंधित वैधानिक प्रावधान, नशे के दुष्प्रभाव एवं उससे बचाव के उपाय, महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी, साइबर अपराध से बचाव एवं सतर्कता उपाय, आपातकालीन सेवा 112, महिला हेल्पलाइन 1090 एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी सहित शिकायत दर्ज कराने की सरल, पारदर्शी एवं सुगम प्रक्रिया आदि शामिल रहे। समुदाय आधारित उक्त पहल के प्रभावस्वरूप शिकायतों में भी कमी आई है। उल्लेखनीय है कि एसपी मंडलोई के निर्देशन में जिले के विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में नियमित रूप से चौपाल, मोहल्ला बैठक एवं जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। नशामुक्ति, महिला सुरक्षा, साइबर जागरूकता और सामाजिक समरसता जैसे विषयों पर निरंतर संवाद स्थापित कर जनजागरूकता बढ़ाई जा रही है। जिसका उद्देश्य यह है कि प्रत्येक नागरिक स्वयं को सुरक्षित और सम्मानित महसूस करे। प्रत्येक परिवार पुलिस से बिना संकोच संवाद स्थापित कर सके। प्रत्येक समस्या का समाधान संवेदनशीलता, पारदर्शिता और तत्परता के साथ सुनिश्चित किया जाए।

# किसान संघ याद दिलाएगा सरकार को चुनावी वादा




आगामी 9 मार्च को सौंपे जाने वाले ज्ञापन की रूपरेखा बनाने आयोजित की बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

भारतीय किसान संघ टीकमगढ़ की मासिक बैठक जिला कार्यालय पर आयोजित की गई। बैठक में जिलाध्यक्ष शिवमोहन गिरि ने सभी से चलो ग्राम समिति की ओर संबंधी अभियान में दिए गए ज्ञापन पर चर्चा की। सभी से जिले भर में हुए भारत माता पूजन का व्रत लिया गया व स्थापना दिवस कार्यक्रम का भी लक्ष्य लिया गया। नवीन ग्राम समिति निर्माण पर जोर देकर वृत्त लिया।

उक्त बैठक में जिला मंत्री राजेंद्र श्रीवास्तव ने संगठन मजबूत बनाने व तहसील पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपने पर मंथन किया। तहसील अध्यक्ष फूल सिंह घोष ने आगामी एक माह में 2 नवीन ग्राम समिति निर्माण करने, टीकमगढ़ तहसील अध्यक्ष रामचंद्र श्रोत्रिय ने 3 ग्राम समिति निर्माण करने व जतारा तहसील अध्यक्ष जानकी अहिरवार ने भी 3 नवीन ग्राम समिति निर्माण करने की बात कही। इसके बाद जिलाध्यक्ष शिव मोहन गिरि ने कहा कि जब मध्यप्रदेश की सरकार बनी थी तब भाजपा ने अपने घोषणापत्र में कहा था कि सरकार आने पर हम गेहूं की 2700 रुपए मूल्य पर खरीदी करेंगे। लेकिन सरकार बनने के बाद आज तक सरकार ने 2700 रुपए समर्थन मूल्य पर खरीदी नहीं की। इसलिए सरकार को उसका वादा याद दिलाने के लिए भारतीय किसान संघ 9 मार्च को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन व स्थानीय समस्याओं को लेकर जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपेंगा। बैठक में अस्तौन ग्राम समिति मंत्री वीरेंद्र सेन ने सभी किसानों को किसान की दुर्दशा पर गीत सुनाया। बैठक में जिला उपाध्यक्ष भागवत सिंह सोलंकी, बृजेश कुमार पाठक, मोहनगढ़ व दिगौड़ा तहसील किशोरी अहिरवार, ग्यासी रैकवार, टीकमगढ़ व बड़ागांव धसान तहसील जैविक खेती प्रमुख देशराज रजक, तहसील उपाध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर, तहसील प्रचार प्रसार प्रमुख राजपाल यादव, तहसील कार्यकारिणी सदस्य डरू रजक, अस्तौन ग्राम समिति अध्यक्ष भगवत राठौर, मलखान राजपूत, सापौन ग्राम समिति अध्यक्ष कमल सिंह ठाकुर, मंत्री प्रेमनारायण लोधी, श्रीनगर ग्राम समिति अध्यक्ष हेमचंद्र रैकवार, ग्राम समिति मंत्री द्वारका प्रसाद चढ़ार, सुल्तान सिंह घोष, राम सिंह राजपूत, हरिश्चंद्र घोष, महुम सिंह घोष, शिवदयाल अहिरवार सहित कई किसान मौजूद रहे।

एकीकृत बागवानी विकास मिशन में दो दिवसीय किसान मेला शुरू

# जब अन्नदाता समृद्ध होगा, तभी देश समृद्ध होगाः जिलाधिकारी सत्य प्रकाश




हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

उद्यान विभाग द्वारा एकीकृत बागवानी विकास मिशन योजनान्तर्गत कल्याण सिंह सभागार रामनगर ललितपुर में दो दिवसीय किसान मेला का शुभारम्भ जिलाधिकारी श्री सत्य प्रकाश, जिला पंचायत अध्यक्ष कैलाश नारायण निरंजन एवं श्रम सेवा योजन राज्यमंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ द्वारा सरस्वती माँ के चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवलित व माल्यार्पण कर किया गया। मेला में जनपद के कृषि सहयोगी विभिन्न विभागों, स्वयं सहायता समूहों, पीएमएफएमई योजना के लाभार्थियों द्वारा स्टॉल लगाए गए।

स्टॉलों का निरीक्षण जिलाधिकारी, जिला पंचायत अध्यक्ष, राज्यमंत्री प्रतिनिधि एवं अन्य जनप्रतिनिधयों द्वारा किया गया। स्टॉलों के माध्यम से किसानों को विभिन्न विभागों में संचालित योजनाओं की जानकारी प्राप्त हुई। सर्वप्रथम जिला उद्यान अधिकारी राजेन्द्र कुमार द्वारा कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथीगणों एवं कृषकों का अभवादन व्यक्त करते हुये उद्यान विभाग में संचालित सभी योजनाओं को विस्तार से बताया एवं आवेदन प्रक्रिया एवं पात्रता पर विस्तार से चर्चा की गयी। उन्होने बताया कि उद्यान विभाग की फ्लैगषिप योजना माइक्रोइरीगेशन योजनान्तर्गत जनपद में 4 हजार से अधिक कृषकों को लाभान्वित किया गया है जनपद में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना से 388 खाद्य प्रसंस्करण इकाईयों की स्थापना की गयी है एवं बागवानी योजना से 70 हेक्टेयर में नये बागों का रोपण किया गया है।

जिलाधिकारी कार्यक्रम में अपने सम्बोधन में उपस्थित समस्त कृषकों का अभिवादन करते हुये कृशकों को परम्परागत खेती के साथ-साथ औद्यानिक फसलें जैसे-बाग लगाना, सब्जी, मिर्च, हल्दी, धनिया आदि की खेती एक छोटे से खेत से शुरू करने का सुझाव दिया। उन्होने बताया कि सरकार सभी औद्यानिक फसलों की खेती हेतु प्रोत्साहन के रूप में बीज, पौधें, खाद, दवाई एवं पोशक तत्व निःशुल्क उपलब्ध कराती है। उन्होंने किसानों से अपील की कि वह सरकार द्वारा संचालित अनेकों किसान हितार्थ का लाभ उठाकर अपनी आय में वृद्धि करें। उन्होंने कहा कि जब अन्नदाता समृद्ध होगा तभी देश समृद्ध होगा। आपकी समृद्धि के लिए सरकार द्वारा अनेकों कल्याणकारी योजनाएं संचालित हैं, जिसका आवेदन अपने नजदीकि जनसेवा केन्द्र से कराकर उनका भरपूर लाभ उठाएं। इसके लिए उन्होंने मौके पर ही जिला उद्यान अधिकारी को निर्देशित किया कि वह अपनी सभी विभागीय योजनाओं से किसानों को अवगत कराएं और उसका व्यापक प्रचार-प्रसार कराएं ताकि सभी किसानों को योजनाओं के बारे में जानकारी हो सके।

## सूक्ष्म सिंचाई पद्धति की खूबियों को गिनाया

कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ दिनेश कुमार तिवारी द्वारा कृषकों को सूक्ष्म सिंचाई पद्धति की खूबियों को गिनाया उन्होने कहा कि यदि कृशक सूक्ष्म सिंचाई पद्धति अपनाता है तो उसे सामान्य की अपेक्षा 50 से 60 प्रतिषत तक पानी की बचत होती है एवं उत्पादन में वृद्धि होती है और किसान को अलग से कोई खाद, दवाई, पोशक तत्व डालने की जरूरत नहीं होती है सिंचाई पद्धति की मुख्य यूनिट में एक बैन्चुरी सिस्टम लगा होता है जिसे खाद दवाई या पोशक तत्व के घोल बाली बाल्टी में डालते है तो उस पानी के साथ पौधों की जड़ो में पहुँचा देती है। नेहरू महाविद्यालय के उद्यान विज्ञान के प्रवक्ता लक्ष्मीकांत मिश्रा द्वारा कृषकों को बागवानी करने हेतु प्रेरित किया गया तथा बागवानी से होने वाले लाभों की जानकारी दी गयी और नेहरू महाविद्यालय परिसर में उनके द्वारा विकसित आंवला के बाग एवं संचालित औद्यानिक गतिविधियों को देखने और उनसे प्रेरणा लेने हेतु कृशकों को आमंत्रित किया।

जिलाधिकारी सख्त

# नकली खाद व कीटनाशक बेचने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई



## एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ललितपुर

किसानों के हितों के संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध जिला प्रशासन ने नकली उर्वरक विक्रेता के विरुद्ध कठोर कार्यवाही का संदेश दिया है। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश को कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित जनसुनवाई के दौरान कुछ किसानों द्वारा शिकायत प्राप्त हुई कि महरौनी क्षेत्र के एक खाद विक्रेता से खरीदी गई डीएपी उर्वरक के प्रयोग के उपरांत उनकी फसल कुछ ही समय में पीली पड़कर सूखने लगी। किसानों ने आशंका व्यक्त की कि उन्हें अमानक अथवा नकली उर्वरक बेचा गया है, जिससे उनकी मेहनत और लागत पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। शिकायत को गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारी ने उप जिलाधिकारी महरौनी एवं जिला कृषि अधिकारी राजीव भारती को मौके पर पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण करने के निर्देश दिये, जांच के दौरान सम्बंधित खेत में फसल पीली पड़ने की स्थिति पायी गई तथा प्रथम दृष्टया फसल पर नकली अथवा अमानक उर्वरक के दुष्प्रभाव के संकेत मिले।

मामले की गंभीरता को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा एक जांच समिति गठित की गई, समिति द्वारा सम्बंधित विक्रेता के यहां उपलब्ध उर्वरक के नमूने विधिवत अधिग्रहीत कर अधिकृत रूप से परीक्षण हेतु लखनऊ स्थित प्रयोगशाला को भेजे गए, प्राप्त परीक्षण रिपोर्ट में नमूना अमानक पाया गया, जिससे किसानों की शिकायत सही सिद्ध हुई। तत्पश्चात जिलाधिकारी के निर्देश पर सम्बंधित खाद विक्रेता मे देवता ट्रेडर्स के विरुद्ध थाना महरौनी में एफआईआर दर्ज करायी गई तथा विधिक प्रावधानों के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की प्रकिया प्रारंभ कर दी गई है। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने स्पष्ट कहा है कि जनपद में यदि कोई भी विक्रेता नकली अथवा अमानक उर्वरक एवं फसल कीटनाशक दवाओं की बिकी करते हुए पाया गया तो उसे बख्शा नहीं जाएगा।

संकट की घड़ी में सतर्क पुलिस की त्वरित सहायता से बची अनमोल जानें

# संवेदना, तत्परता व मानवीय दृष्टिकोण ही रहेगी पुलिस की पहचान : मंडलोई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़



पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई के नेतृत्व में सक्रिय पुलिसिंग करते हुए जिला पुलिस द्वारा संकट की घड़ी में तुरंत पहुंचकर संकटग्रस्त लोगों की मदद की जा रही है। पुलिस अधीक्षक मंडलोई द्वारा जिले के समस्त थाना प्रभारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि अपने अपने थाना क्षेत्रों में आमजन की हर आवश्यक सहायता प्राथमिकता के आधार पर पुलिस द्वारा की जाये तथा किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित, मानवीय एवं संवेदनशील कार्रवाई की जाए।

20 फरवरी को थाना बम्हौरी कला क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पठा में सड़क दुर्घटना की सूचना प्राप्त होते ही डायल 112 पुलिस टीम ने तत्काल सक्रियता दिखाई। डायल 112 में तैनात महिला आरक्षक अंजली सिसोदिया एवं पायलट द्वारा मौके पर शीघ्र पहुँचकर दुर्घटना में घायल व्यक्तियों को प्राथमिक सहायता प्रदान की गई तथा बिना विलंब उन्हें उपचार के लिये कम्युनिटी हेल्थ सेंटर जतारा में भर्ती कराया गया। समय पर मिली सहायता और त्वरित चिकित्सा सुविधा के कारण घायलों को शीघ्र उपचार प्राप्त हो सका। पुलिस की तत्परता और मानवीय संवेदनशीलता से न केवल राहत कार्य प्रभावी रहा, बल्कि आमजन के बीच सुरक्षा और विश्वास की भावना भी सुदृढ़ हुई। एसपी मंडलोई ने कहा कि पुलिस की प्राथमिकता है कि संकट की हर घड़ी में जिले के नागरिकों को त्वरित सहयोग मिले और प्रत्येक व्यक्ति स्वयं को सुरक्षित एवं संरक्षित महसूस करे।आपातकालीन सेवा डायल 112 के माध्यम से पुलिस निरंतर जनसेवा के लिए प्रतिबद्ध है।

मानस मंच पर पर्पल फेयर 2026 कार्यक्रम का केंद्रीय मंत्री ने किया उद्घाटन

# 'पीएम के विजन दिव्यांग के उत्थान व कल्याण के लिए हम संकल्पित'





हरिभूमि न्यूज ▶▶ टीकमगढ़

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा संचालित समेकित क्षेत्रीय कौशल विकास केंद्र, छतरपुर के सहयोग से शनिवार को मानस मंच टीकमगढ़ में आयोजित पर्पल फेयर 2026 कार्यक्रम का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार द्वारा किया गया। इस दौरान अपने उद्बोधन में सांसद व केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार ने कहा कि संवेदनशील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विज़न के अनुरूप सरकार डीईपीडबल्यूडी दिव्यांग बंधु-भगिनी के उत्थान और कल्याण के लिए संकल्पित है।

इसी विजन के अंतर्गत पर्पल फेयर जैसी पहल ने दिव्यांगजन की प्रतिभा, कौशल और परिश्रम को प्रभावी रूप से उद्घाटित करने का कार्य किया है। दिव्यांग प्रतिभाएं पर्पल फेयर में जहां सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, खेल प्रतियोगिताओं और कला प्रदर्शनी आदि के माध्यम से समाज की मुख्यधारा में सम्मान प्राप्त कर रही हैं, वहीं कुशल कारीगर के रूप में अपने उत्पादों के स्टॉल के माध्यम से समुचित आर्थिक लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं। दिव्यांग कला मेलों और दिव्यशक्ति मेलों के साथ ही अब बड़े स्तर पर पर्पल फेयर आयोजित कर इसे समाज की सहभागिता से दिव्यांगजनों के उत्साह, प्रतिभा, पराक्रम, और सपनों का उत्सव बनाने के प्रयास जारी हैं। इस दौरान पर्पल फेयर कार्यक्रम में भाजपा के बरिष्ठ नेता विवेक चतुर्वेदी, सांसद प्रतिनिधि अनुराग वर्मा, प्रजातंत्र गंगेले सहित दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि और पार्टी संगठन से जुड़े प्रमुख पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन, नाम देखने वालों की भीड़ उमड़ी

# एसआईआर:जिले की वोटर लिस्ट से हटे 33154 मतदाओं के नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

विगत कुछ दिनों से युद्ध स्तर पर चल रहे एसआईआर सर्वे में शनिवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होते ही इस अभियान का समापन हो गया है। शनिवार को जो अंतिम मतदाता सूची प्रकाशित की गई है उसमें पुरानी मतदाता सूची से मिलान करने पर जिले में 33 हजार 154 वोटर्स के नाम मतदाता सूची काटे गए हैं। इनमें से श्योपुर विधानसभा क्षेत्र के 16 हजार 311 एवं विजयपुर विधानसभा क्षेत्र के 16 हजार 843 मतदाता शामिल हैं। मतदाता सूची का प्रकाशन सभी मतदान केंद्रों पर बीएलओ ने कराया। इस दौरान बड़ी संख्या में मतदाताओं ने अपने नाम होने की पुष्टि सूची का अवलोकन कर की।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत शनिवार 21 फरवरी को फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाना था, जिस क्रम में शनिवार को जिले की दोनो विधानसभा क्षेत्र श्योपुर और विजयपुर के सभी 687 मतदान केन्द्रों पर कलेक्टर अर्पित वर्मा की देखरेख में मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया है। एसआईआर अंतर्गत फाइनल मतदाता सूची का प्रकाशन सभी मतदान केन्द्रों पर कर दिया गया है, जिले के सभी 687 मतदान केन्द्रों पर फोटोयुक्त मतदाता सूची चस्पा कर दी गई। अपडेट हुई सूची में अब जिले में कुल मतदाताओं की संख्या 4 लाख 88 हजार 645 हो गई है, इसके अलावा 156 सेवा मतदाता भी है। जिले का ईपिक रेश्यो 56.89 प्रतिशत है तथा जेण्डर रेश्यो 887.92 है। उन्होंने बताया कि एसआईआर के तहत 1 जनवरी 2026 की अर्हता तिथि को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले युवाओं सहित अन्य शेष मतदाताओं के नाम जोडने की कार्यवाही की गई, जिसके माध्यम से 7 हजार 824 मतदाताओं के नाम जोडे गये है, जिनमें 3 हजार 943 पुरूष तथा 3 हजार 881 महिला मतदाता शामिल है। इसी प्रकार एसआईआर अंतर्गत मृत मतदाताओं सहित शिफ्टेड, रिपिटेड मतदाताओं के नाम हटाये गये है जिनकी संख्या 3 हजार 11 है। श्योपुर जिले की दोनों विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या 2 लाख 47 हजार 180 है तथा 53 सेवा मतदाता है। श्योपुर विधानसभा क्षेत्र में 1 लाख 29 हजार 239 पुरूष एवं 1 लाख 17 हजार 940 महिला मतदाता है। इसके अलावा 1 मतदाता थर्ड जेण्डर के रूप में दर्ज है। इसी प्रकार विजयपुर विधानसभा क्षेत्र में कुल मतदाताओं की संख्या 2 लाख 41 हजार 465 है तथा 103 सेवा मतदाता है। यहां पुरूष मतदाताओं की संख्या 1 लाख 29 हजार 450 तथा महिला मतदाताओं की संख्या 1 लाख 12 हजार 14 है। थर्ड जेण्डर मतदाता की संख्या 01 है।




**इस तरह कटे जिले में मतदाताओं के नाम**

- 6668 मतदाता मृत मिलने पर सूची से नाम हटाए
- 5476 मतदाता ऐसे थे जिनका कोई पता नहीं लगा
- 19454 मतदाताओं ने अपने पते बदल लिए
- 1385 मतदाता ऐसे मिले जिनके नाम दूसरी जगह दर्ज थे
- 141 मतदाता ऐसा कोई प्रमाण नहीं दे सके जिससे उन्हें मतदाता माना जाता

**30 से39 आयु वर्ग के युवाओं का सूची में दबदबा**

मतदाता सूची में सर्वाधिक वोटर 30 से 39 वर्ष आयु समूह है, जिनकी संख्या 1 लाख 58 हजार 313 है। इसके पश्चात 1 लाख 26 हजार 785 मतदाता 20 से 29 आयुवर्ग में है। 100 वर्ष से अधिक आयु वाले मतदाताओं की संख्या भी 24 है। इसी प्रकार 18 से 19 वर्ष आयुवर्ग में 6 हजार 828, 40 से 49 आयुवर्ग में 91 हजार 477, 50 से 59 आयुवर्ग में 58 हजार 852, 60 से 69 आयुवर्ग में 30 हजार 347, 70 से 79 आयुवर्ग में 12 हजार 943, 80 से 89 आयुवर्ग में 2 हजार 761 तथा 90 से 99 आयुवर्ग में 315 मतदाता शामिल है।

### जिला अस्पताल में पहुंचने के दो घंटे के बाद हो गई नवजात की मौत

# सोंईकलां में लावारिस मिली नवजात बालिका की नहीं बच सकी जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

सोंईकलां कस्बे के गोपालपुरा रोड पर शुक्रवार को झाडियों में लावारिस हालत में पडी मिली नवजात बालिका को पुलिस की डायल 112 की मदद से जिला अस्पताल में भर्ती करा दिया। लेकिन करीब दो घंटे के बाद नवजात बालिका की मौत हो गई। अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ संजय मंगल की माने तो हमने नवजात बालिका को बचाने के खूब प्रयास किए,लेकिन स्थिति नाजुक होने के चलते उसकी जान बच नहीं सकी।

बता दें कि शुक्रवार को सोंईकलां कस्बे के गोपालपुरा रोड पर एक नवजात बालिका लावारिस हालत में मिली थी,जिसे जन्म देने के बाद उसकी मां उसे लावारिस छोडकर चली गई। हालांकि उसे इस तरह फेंक देने वाली मां का फिलहाल कोई अता पता नहीं चल सका है। लेकिन नवजात बालिका एक दिन पहले ही जन्मी थी। जिला अस्पताल के शिशु रोग विशेषज्ञ डा संजय मंगल ने बताया कि नवजात बालिका शुक्रवार की दोपहर में जिला अस्पताल में लाई गई थी, उसकी स्थिति काफी नाजुक थी, फिर भी हमने उसे बचाने के लिए खूब प्रयास किए, मगर शाम करीब 4-5 बजे के आसपास उसकी मौत हो गई। फिलहाल पुलिस इस मामले में जांच कर रही है। लेकिन क्षेत्र में चर्चा इस बात को लेकर भी हो रही है कि इस नवजात बालिका को बेटी होने के चलते फेंका गया फिर किसी बिन व्याही मां ने अपना पाप छिपाने के लिए इस नवजात को फेंकने का पाप किया है। उधर देहात थाना प्रभारी राहुल रघुवंशी ने बताया कि इस नवजात बालिका को फेंकने वाली मां की तलाश की जा रही हैं

### वॉल चेंबर से निकल रहे पानी से दिन भर सड़कें भरी रहती

# वार्ड नं. एक में हवा हवाई साबित हो रहे कलेक्टर के शुद्ध जल सप्लाई के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

इंदौर में दूषित जल पीने से हुई मौतों के बाद प्रदेश भर में किए गए अलर्ट के क्रम में कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर जिले में भी शुद्ध पेयजल आपूर्ति बनाए रखने के लिए दिए निर्देश शायद वार्ड क्रमांक 01 में नजर अंदाज किए जा रहे हैं। इस वार्ड में मशीन वाला कुआं के पास बने बाल चैंबर इतना अधिक लीकेज हो रहा है कि वहां से निकला पानी दिन भर सड़क पर तालाब की तरह भरा रहता है। इससे आने जाने वालों को तो परेशानी हो ही रही है साथ ही वाल चैंबर से गंदा पानी वापस पाइप लाइन से होकर घरों में सप्लाई हो रहा है।

किला बस्ती के भीतर मशीन वाला कुआं जो किला संग्रहालय वाले रास्ते में स्थित है से घरों में पेयजल सप्लाई होती है इसी के पास बाल चैंबर बना हुआ है सड़क किनारे बने बाल चैंबर इतना अधिक लीकेज है कि पानी तेजी के साथ में कर सड़क पर फैलता रहता है पानी इतना अधिक फैलता है कि सड़क तालाब बन जाती है। इन दिनों रमजान का महीना चल रहा है लोग इस रास्ते से निकलकर मस्जिद में नमाज पढ़ने जाते हैं तो इस गंदे पानी से होकर गुजरना से उनके गंदे हो रहे हैं। साथ ही राम मंदिर पर आने जाने वाले भी इस पानी से होकर गुजर रहे हैं जिससे इस रमजान के पवित्र महीने में दोनों धर्म की भावनाएं आहत हो रही है। आचार्य की बात है कि इस बहते हुए पानी को लोग तो देख रहे हैं पर नगर पालिका के जिम्मेदारों को दिखाई नहीं पड़ रहा है।



# एसडीएम ने किया जिला चिकित्सालय का निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

कलेक्टर अर्पित वर्मा के निर्देश पर शनिवार को एसडीएम श्योपुर गगन सिंह मीना द्वारा जिला चिकित्सालय का निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अस्पताल परिसर, वार्ड एवं शौचालयों की साफ-सफाई व्यवस्था की समीक्षा की गई तथा आवश्यक सुधार के निर्देश दिए गए। हेल्पडेस्क पर मरीजों एवं परिजनों को समुचित मार्गदर्शन सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किए गए। साथ ही वार्डों में बेडशीट का नियमित परिवर्तन, गंदे लिनेन के तत्काल प्रतिस्थापन तथा चिकित्सकों एवं स्टाफ की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। इमरजेंसी वार्ड में 24×7 दवाइयों, उपकरणों एवं आवश्यक स्टाफ की उपलब्धता बनाए रखने को कहा गया। अस्पताल परिसर में सुव्यवस्थित पार्किंग व्यवस्था सुनिश्चित करने एवं अनाधिकृत पार्किंग पर नियंत्रण के निर्देश भी दिए गए



# जल संरक्षण के लिए आज फिर नदी पर जुटेगे निरंकारी मिशन के कार्यकर्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

जल संरक्षण की दिशा में एक फिर पहल करते हुए संत निरंकारी मिशन से जुडे कार्यकर्ता रविवार की सुबह 8 बजे नगदी नागदा के पास मंदिर नदी पर एकत्रित होगे और यहां नदी की साफ सफाई करते हुए जल संरक्षण की दिशा में लोगो में जागरूकता लाने का प्रयास करेगे। निरंकारी मिशन के मीडिया सहायक हीरालाल नायक ने बताया कि सदगुरू माता सुदीक्षा महाराज के निर्देशानुसार 22 फरवरी को जल संरक्षण की दिशा में चल रहे प्रोजेक्ट अमृत का चौथा चरण आरंभ होगा। इस देश व्यापी कार्यक्रम के तहत सभी जिलों के निरंकारी मिशन से जुडे कार्यकर्ता अपने अपने क्षेत्र में सुबह 8 बजे जल सरंक्षण की दिशा में कार्य करेगे। इसी क्रम में श्योपुर जिले के निरंकारी मिशन से जुडे लोग नगदी नागदा स्थित मंदिर नदी की सफाई करने के लिए रविवार की सुबह 8 बजे एकत्रित होगे और तीन घंटे यहां नदी की सफाई का कार्य करेगे।




### शहर के खातौली रोड पर हादसा, पुलिस जांच में जुटी

# अज्ञात वाहन ने बाइक सवार को कुचला, मौके पर ही हो गई मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

कोतवाली थाना अंतर्गत शहर के खातौली रोड पर शनिवार की दोपहर को बाइक सवार एक युवक को किसी अज्ञात वाहन ने कुचल दिया। जिससे बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। टक्कर मारने वाले वाहन का चालक हादसे के बाद अपने वाहन को भगा ले गया,इसलिए वाहन का पता नहीं चल सका है। फिलहाल कोतवाली पुलिस ने एक्सीडेंट का मामला दर्ज कर टक्कर मारने वाले वाहन और उसके चालक की तलाश शुरू कर दी है।

कोतवाली थाना पुलिस ने बताया कि सडक दुर्घटना का शिकार हुए युवक की पहचान विवेक आदिवासी 18 वर्ष पुत्र राज आदिवासी निवासी जैदा के रूप में हुई है। पुलिस ने बताया कि विवेक आदिवासी शनिवार की दोपहर तीन बजे के आसपास जब बाइक पर सवार होकर अपने गांव से बाजार की तरफ आ रहा था,तभी उसे सामने से किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मारकर कुचल दिया। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



# मातृभाषा की उपयोगिता विषय पर निबंध प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

प्रधानमंत्री कॉलेज आफ एक्सीलेंस शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय श्योपुर में अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के उपलक्ष्य में मातृभाषा की उपयोगिता विषय पर निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें प्रथम स्थान ईश्वर वैष्णव, द्वितीय स्थान राधिका वैष्णव एवं तृतीय स्थान रितु मीणा के द्वारा प्राप्त किया गया। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ ओपी शर्मा ने कहा कि प्रत्येक नागरिक को मातृभाषा के प्रति प्रेम तथा लगाव होना महत्वपूर्ण है। हिंदी के विभाग अध्यक्ष महाराज सिंह धाकड ने बताया कि व्यक्तित्व विकास के अधिक अवसर तभी मिलते है जब हम अपनी मातृभाषा पर गर्व महसूस करेंगे तथा उसकी पहचान बनाने में योगदान देंगे। इसके साथ ही डा भूपेन्द्र हरदेनिया, शिवम भदौरिया तथा अन्य प्रोफेसर्स द्वारा भी मातृभाषा पर उद्बोधन दिये गये।



# अपहृत नाबालिग बालिका को मात्र 24 घंटे में किया दस्तयाब, आरोपी गिरफ्तार

**अशोकनगर।** थाना प्रभारी बहादुरपुर उप निरीक्षक नीलम यादव द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये अपहर्ता को मात्र 24 घण्टे में दस्तयाव कर आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। उल्लेखनीय है कि 18 फरवरी को फरियादी द्वारा अपनी 17 वर्षीय नावालिग बालिका के घर से बिना बताये कही चले जाने एवं अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले जाने की थाने पर रिपोर्ट की थी। इस पर धारा 137(2) बीएनएस का अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि. नीलम सिंह यादव को प्रकरण में त्वरित कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा के निर्देशन में थाना प्रभारी बहादुरपुर उनि. नीलम सिंह यादव द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुये टीम गठित कर पीडिता को बीना रेल्वे स्टेशन से दस्तयाव कर पीडिता के कथन कराये गये जिसमें पीडिता ने अपने कथनो में आरोपी अरुण पिता राजाराम अहिरवार उम्र 19 साल निवासी ग्राम तूमैन जोगिया चक्क थाना कचनार के द्वारा बहला

# चना फसल के पंजीयन शुरू, 33 केंद्र निर्धारित, अंतिम तिथि 16 मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर

समर्थन मूल्य पर चना फसल विक्रय करने हेतु विपणन रबी वर्ष 2025-26 (विपणन वर्ष 2026-27) में ई-उपार्जन पोर्टल पर चना फसल के पंजीयन हेतु 33 केन्द्र निर्धारित किये गये है। चना फसल की पंजीयन अवधि 16 मार्च 2026 तक नियत है। उप संचालक संचालक जीके पचौरिया ने बताया कि पंजीयन के लिए आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था मर्यादित आवदा, विपणन सेवा सहकारी संस्था कराहल, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित बड़ौदा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित बोरदादेव, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नयागांव तेहखण्ड, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित राडेप, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित लुहाड़, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित फिलोजपुरा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित तलावड़ा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नयागांव ढोढपुर, सेवा सहकारी संस्था उतनवाड, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित ओछापुरा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित रघुनाथपुर, विपणन सहकारी संस्था वीरपुर, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित विजयपुर, विपणन सहकारी समिति विजयपुर, सेवा सहकारी समिति सहसराम, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित श्योपुर, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित जलालपुरा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नागदा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित सोंईकलां, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित नागरगावडा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित आसीदा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित वीजरपुर, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित ननावद, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित गोहेडा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित दातरदा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित मानपुर, सेवा सहकारी संस्था सोंठवा, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित जावदेश्वर, सेवा सहकारी संस्था मर्यादित तलावदा, सेवा सहकारी संस्था गुरुनावदा, वृहत्ताकार सहकारी संस्था मर्यादित पाण्डोला केन्द्र बनाये गये है।

### दो मुख्यमंत्रियों की घोषणा के बाद भी कराहल और वीरपुर नहीं बन पाई नगर परिषद

# विस में मल्होत्रा ने पूछा कराहल और वीरपुर कब तक बनेगी नगर परिषद, मंत्री बोले समय सीमा बताना संभव नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ श्योपुर।

सत्ता और संगठन से जुडे लोग भलेही यह बात बडे दावे के साथ कहते हो कि हमारी सरकार के मुख्यमंत्री की कोई घोषणा पूरी होने से अछूती नहीं रह सकती है, वे जो भी घोषणाएं करते है वे घोषणा हर हाल में पूरी होकर रहती है। मगर इन दावो की पोल कराहल और वीरपुर को नगर परिषद बनाए जाने को लेकर की गई घोषणाएं खोल रही है। विशेष बात यह है कि कराहल और वीरपुर को नगर परिषद बनाए जाने की घोषणा एक ही नहीं,बल्कि दो मुख्यमंत्रियों के द्वारा की गई है, मगर इसके बाद भी उसके बाद यह दोनो घोषणाएं फिलहाल अधूरी पडी हुई है। इस मामले में विजयपुर विधायक मल्होत्रा ने विधानसभा में प्रश्न लगाकर पूछा है कि मुख्यमंत्री के द्वारा तहसील मुख्यालय कराहल और वीरपुर को नगर परिषद बनाए जाने की घोषणा की गई है,यह घोषणाए कब तक साकार हो पाएगी और कब तक कराहल और वीरपुर को नगर परिषद का दर्जा मिल पाएगा। विजयपुर विधायक के इस सवाल का प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने जबाव देते हुए कहा कि कराहल और वीरपुर को नगर परिषद बनाए जाने की प्रक्रिया चल रही है,लेकिन यह दोनो कब तक नगर परिषद बन जाएगी,इस बारे में फिलहाल समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।




**जंडेल ने पूछा सीएम की कितनी सडकों की घोषणाएं अधूरी**

श्योपुर विधायक बाबू जंडेल ने भी सडको के निर्माण संबधी मामला विधानसभा में उठाते हुए सवाल पूछा है कि अभी तक श्योपुर जिले में विभाग की कितनी सडके स्वीकृत हुई है और उनमें से कितनी पूरी हुई है। सीएम की कितनी सडकों की घोषणाए अधूरी है। विधानसभा में इस सवाल का जबाव देते हुए लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने कहा कि श्योपुर जिले में 57 सडके स्वीकृत है। इनमें से 32 सडके पूर्ण हो गई है तथा 16 सडके अपूर्ण, 8 सडके अप्रारंभ है। जबकि एक सडक का निर्माण कार्य एनडीबी योजना के तहत प्रगतिरत है। सीएम के द्वारा सडको के संबंध में की गई 24 घोषणाओ में से 5 कार्य पूर्ण, 12 कार्य प्रगतिरत तथा 7 कार्य निविदा स्तर पर है।

**मंत्री ने स्वीकाराः मुख्यमंत्री ने की कराहल और वीरपुर को नगर परिषद बनाने की घोषणा**

दरअसल विजयपुर विधायक मुकेश मल्होत्रा ने विधानसभा में यह प्रश्न लगाया है कि क्या तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के द्वारा 7 मार्च 2007 को टिकटौली में कराहल और वीरपुर को नगर परिषद बनाए जाने की घोषण की गई थी तथा क्या वर्तमान मुख्यमंत्री ने भी विजयपुर क्षेत्र के दौरान उक्त घोषणा की थी। यदि घोषणा की गई है तो फिर कराहल और वीरपुर को नगर परिषद बनाने के लिए क्यां कार्यवाही की जा रही है और यह दोनों ग्राम पंचायते कब तक नगर परिषद बन पाएगी। विधायक मल्होत्रा के सवाल पर नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने मुख्यमंत्री के द्वारा कराहल और वीरपुर को नगर परिषद बनाने की घोषणा किए जाने की बात को स्वीकार करते हुए जबाव दिया है कि कराहल और वीरपुर को नगर परिषद बनाए जाने की घोषणा की गई है, इसको लेकर कलेक्टर श्योपुर के द्वारा विधिवत रूप से प्रस्ताव बनाकर विभाग को भेजा गया है। कलेक्टर के इस प्रस्ताव पर विभाग के द्वारा प्रस्तावित ग्राम की जनसंख्या, सर्वे नंबर,क्षेत्रफल, कोर ग्राम से दूरी, ग्राम पंचायतो में कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी निर्धारित प्रपत्र,गूगल मेप, कलर नक्शा संबंधी जानकारी चाही गई है। वर्तमान में इस मामले में कार्यवाही प्रक्रियाधीन बनी हुई है। लेकिन समय सीमा बताया जाना संभव नहीं है।

# सीप संकल्प पदयात्राः पनार में पर्यावरण संरक्षण पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

श्योपुर। जिला पुरातत्व, पर्यटन एवं संस्कृति परिषद के तत्वाधान में सीप संकल्प पदयात्रा अपने पूरे जोश और उत्साह के साथ जारी है। नदी के किनारे-किनारे चल रहे पदयात्री सीप नदी के संरक्षण पर ग्रामीणों को जागरूक कर रहे है। सीप संकल्प पदयात्रा का शुभारंभ शुक्रवार को उदगम स्थल पनवाडा से हुआ था, दो दिन की पदयात्रा के बाद पदयात्री शनिवार को नयागांव पहुंच गये है। शुक्रवार को रात्रि विश्राम गोरस में रहा और आज शनिवार को रात्रि विश्राम नयागांव में होगा। शनिवार की सुबह ग्राम गोरस के सरपंच रणवीर आदिवासी, जनपद सदस्य राम भारत मस्तुरिया, पैसा मोबिलाइजर अनुराग आदिवासी आदि ग्रामीणों द्वारा यात्रा को आगे बढने के लिए गांव से विदाई दी गई। सीप नदी के तटवर्ती रास्तों से होकर गुजर रही यह यात्रा दोपहर के समय पनार पहुंची जहां मानव फाउंडेशन के प्रमोद तिवारी द्वारा यात्रा का स्वागत किया गया। गोरस वृत्त के नायब तहसीलदार नरेन्द्र जैन भी यात्रा में शामिल हुए। यात्रा के पनार ग्राम में प्रवेश अवसर पर युवा अमृतलाल आदिवासी की अगुआई में बस्ती वालों ने पदयात्रियों का स्वागत फूलो से किया, इस अवसर पर एक जन जागरूकता बैठक भी समुदाय के साथ हुई, जिसमें ग्रामीणों को सीप नदी के संरक्षण के साथ ही पर्यावरण बचानें का संकल्प दिलाया गया। इसके साथ ही स्वच्छता और नशामुक्ति पर भी बात हुई। दिन के तीसरे पहर यात्रा अपने अगले पडाव के लिए नयागांव की ओर बढी तथा मठ होते हुए नयागांव स्थित रामेश्वर मंदिर, जहां बडी संख्या में मौजूद ग्रामीणों द्वारा यात्रा की आगवानी की गई। इसके उपरांत सीप नदी का पूजन किया गया और महादेव का जलाभिषेक किया गया। संवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों को जल स्वच्छता के साथ ही नदी संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।



खबर संक्षेप

## महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

**अशोकनगर।** चंदेरी थाने के अंतर्गता ग्राम सरसैला निवासी कमला बाई बंजारा उम्र 48 साल ने अज्ञात कारणों के चलते अपने ही घर में फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है मामले की जांच की जा रही है।

## युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**अशोकनगर।** जिले के कचनार थाने के अंतर्गत राजपाल पुत्र सीताराम अहिरवार निवासी भादौन उम्र 22 साल को जिला अस्पताल अशोकनगर में उपचार के लिए भर्ती कराया गया था जहां संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत हो गई पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है, मामले की जांच की जा रही है।

## जनगणना संबंधी दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित

**अशोकनगर।** शुक्रवार को जनगणना 2027 संबंधी दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। प्रशिक्षण में जनगणना कार्यालय भोपाल से पधारे जिला प्रभारी जनगणना जमीन खान, प्रशिक्षक रजनीश भार्गव हेतु नियुक्त प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों तथा चार्ज अधिकारियों को कर्तव्यों एवं कार्यो को संपादित किये जाने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर समस्त अनुविभागीय (राजस्व) अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी (एनआईसी), समस्त तहसीलदार एवं चार्ज अधिकारी, नायब तहसीलदार एवं अतिरिक्त चार्ज अधिकारी जनगणना ग्रामीण समस्त सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ग्राम अमोदा में किसानों से कलेक्टर ने की चर्चा

**अशोकनगर।** कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा शुक्रवार को भ्रमण के दौरान ग्राम अमोदा में किसानों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने निर्देश दिए कि प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना(एफपीओ) के तहत किसानों को सामूहिक रूप से कार्य करने के लिए प्रेरित किया जाए। एफपीओ के माध्यम से पशुपालन, डेयरी यूनिट,सब्जी,प्रोसेसिंग यूनिट के संबंध में किसानों को जागरूक किया जाए।

## कलेक्टर ने किया ग्राम बामोरी ताल गौशाला का किया निरीक्षण

अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय द्वारा शुक्रवार को भ्रमण के दौरान जनपद पंचायत अशोकनगर के ग्राम बामोरीताल की नंदिनी गौशाला का निरीक्षण किया गया। गौशाला में नाडेप का निर्माण कराये जाने एवं दुधारू पशु को रखे जाने के निर्देश दिए। गौशाला के पास सार्वजनिक तालाब का निर्माण कराये जाने के निर्देश दिए।

### सड़क निर्माण में घटिया कार्य व जल्द बिगड़ती स्थिति ने उठाए सवाल, जिम्मेदारों की अनदेखी से परेशानी

# करैरा नगर परिषद की लापरवाही: 2 करोड़ 66 लाख की सड़क महज चार महीने में जर्जर, जनता में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा



सड़क पर हो रहा है जल भराव

करैरा नगर परिषद द्वारा करवाया गया ह्यआई लव करैराह्न से अनाज मंडी तक लगभग 2 किलोमीटर लंबा डामर सड़क प्रोजेक्ट अब पूरी तरह जर्जर हो चुका है। इस परियोजना पर कुल 2 करोड़ 66 लाख रुपये की भारी राशि खर्च की गई थी, जिसका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र को फोर लेन हाइवे से जोड़ना, स्थानीय व्यापार को बढ़ावा देना और परिवहन को सुगम बनाना था। लेकिन निर्माण पूरा हुए महज चार महीने के भीतर ही सड़क की हालत इतनी खराब हो गई है कि बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, ऊपरी डामर लेयर उखड़ रही है और कई जगहों पर सतह पूरी तरह टूट चुकी है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि भारी वाहनों जैसे ट्रक और ट्रैक्टर के गुजरने से समस्या और बढ़ गई है। नगर परिषद की ओर से ठेकेदार को काम सौंपते समय गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई, बेस लेयर की मोटाई कम रखी गई और ड्रेनेज सिस्टम नाममात्र का रहा। निर्माण के दौरान साइट पर कोई नियमित निरीक्षण नहीं हुआ, जिसके कारण यह परियोजना महज कागजों पर ही सफल दिख रही है। जनता अब खुले तौर पर कह रही है कि इतनी बड़ी धनराशि जनता के टैक्स से निकली, लेकिन नतीजा निराशाजनक है। यह मामला नगर परिषद करैरा की पूरी कार्यशैली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है, जहां विकास के नाम पर लापरवाही और जवाबदेही की कमी साफ नजर आ रही है। लोग पूछ रहे हैं कि क्या इंजीनियरों ने कोई रिपोर्ट दी थी या थर्ड पार्टी क्वालिटी चेक हुआ? इन सवालों के जवाब अभी तक नहीं मिले हैं, जिससे आक्रोश और बढ़ता जा रहा है।

## थोड़ी सी बारिश में सड़क पर पानी भरना, ड्रेनेज की पूरी अनदेखी

सड़क की सबसे बड़ी कमजोरी उसकी ड्रेनेज व्यवस्था है, जो नाममात्र की ही साबित हुई है। महज थोड़ी सी बारिश होने पर ही सड़क के दोनों किनारों और कई जगहों पर पानी भर गया है, जिससे आवागमन में परेशानी होती है। स्थानीय लोग बताते हैं कि प्रोजेक्ट के दौरान पानी निकासी के लिए कोई ठोस इंतजाम नहीं किया गया, नालियां उचित ढंग से नहीं बनाई गईं और ढलान भी गलत रखा गया। बारिश का पानी सड़क पर ही जमा हो जाता है, जिससे डामर और नीचे की लेयर कमजोर पड़ जाती है। इससे गड्ढे तेजी से बढ़ते हैं और सड़क हर बारिश के बाद और खराब होती जाती है। लोगो का आरोप है कि ठेकेदार ने लागत बचाने के लिए ड्रेनेज पर ध्यान नहीं दिया और नगर परिषद ने भी इसकी मॉनिटरिंग नहीं की। अगर ऐसी स्थिति जारी रही तो अगली बारिश में सड़क का बड़ा हिस्सा ढह सकता है। यह समस्या न केवल दैनिक यात्रियों के लिए परेशानी का सबब बनी हुई है, बल्कि व्यापारियों और किसानों के लिए भी बड़ा नुकसान पहुंचा रही है । जनता मांग कर रही है कि नगर परिषद तुरंत ड्रेनेज सुधार करे और पानी भरने की समस्या का स्थायी समाधान निकाले, वरना यह सड़क पूरी तरह बेकार हो जाएगी।

## 60 एमएम की जगह मात्र 40 एमएम डामर डाला गया, भुगतान भी उसी के अनुसार

निर्माण में गुणवत्ता की सबसे बड़ी धोखाधड़ी डामर लेयर की मोटाई में हुई है। प्रोजेक्ट के मानकों के अनुसार ऊपरी डामर लेयर 60 एमएम मोटी होनी चाहिए थी, लेकिन ठेकेदार ने मात्र 40 एमएम ही डाली है। इससे सड़क की मजबूती और टिकाऊपन दोनों प्रभावित हुए हैं। स्थानीय लोगों और विशेषज्ञों का कहना है कि कम मोटाई के कारण डामर जल्दी उखड़ रहा है और भारी वाहनों का भार सहन नहीं कर पा रहा। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि भुगतान भी 60 एमएम के मानक के अनुसार किया जा रहा है, जबकि वास्तविक काम 40 एमएम का हुआ है। यह स्पष्ट रूप से फर्जीवाड़ा है, जहां ठेकेदार ने कम सामग्री इस्तेमाल कर लाखों रुपये की बचत की और नगर परिषद ने बिना जांच के पूरा भुगतान कर दिया। पूर्व में वार्ड क्रमांक 2 के पार्षद राकेश दुबे ने इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया था। उन्होंने निर्माण के दौरान ही घटिया डामर और मानक से कम सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाते हुए जांच और भुगतान रोकने की मांग की थी। लेकिन उनकी आवाज को अनसुना कर दिया गया और काम जारी रहा। इससे साफ जाहिर होता है कि भ्रष्टाचार इतना गहरा है कि जनप्रतिनिधि, अधिकारी और उनके चहेते ठेकेदार मिलकर काम कर रहे हैं। लोग इसे खुले भ्रष्टाचार का मामला मान रहे हैं और कह रहे हैं कि जनता के पैसे की ऐसी लूट बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जनता की मांग: स्वतंत्र जांच, कार्रवाई और सड़क का हो पुनर्निर्माण

करैरा की जनता अब नगर परिषद के खिलाफ आक्रोश में उबल रही है। स्थानीय संगठन, युवा और आम नागरिक खुले तौर पर कह रहे हैं कि यह मामला भ्रष्टाचार का क्लासिक उदाहरण है। वे तत्काल स्वतंत्र जांच की मांग कर रहे हैं, जिसमें थर्ड पार्टी एजेंसी द्वारा सड़क की जांच हो, दोषी ठेकेदार पर भारी जुर्माना लगे, उसे ब्लैकलिस्ट किया जाए और नगर परिषद के संबंधित अधिकारियों पर विभागीय कार्रवाई हो। साथ ही पूरी सड़क को उच्च गुणवत्ता के साथ नए सिरे से बनवाया जाए, ताकि जनता का विश्वास बहाल हो सके। पार्षद राकेश दुबे जैसे लोगों की अनसुनी आवाज से साबित होता है कि परिषद में जनप्रतिनिधियों की भी साजिश है। विशेषज्ञ सुझाव दे रहे हैं कि भविष्य में ऐसी घटनाओं पर रोक के लिए पारदर्शिता बढ़ानी होगी, हर प्रोजेक्ट में जीआईएस आधारित मॉनिटरिंग, नियमित ऑडिट और 5 साल की वारंटी अनिवार्य की जाए। ठेकेदारों की पिछली कार्यक्षमता जांचना और जन शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई का सिस्टम लागू करना जरूरी है। अगर नगर परिषद ने इस घटना से सबक नहीं लिया तो ऐसी नाकामियां बार-बार होंगी और जनता का भरोसा पूरी तरह खत्म हो जाएगा। समय आ गया है कि नगर परिषद अपनी जिम्मेदारी समझे, दोष स्वीकार करे और जनहित में ठोस कदम उठाए। वरना यह सिर्फ एक सड़क का मुद्दा नहीं रहेगा, बल्कि पूरी प्रशासनिक व्यवस्था की नाकामी साबित होगा। जनता अब आंदोलन की चेतावनी दे रही है और मांग कर रही है कि विकास के नाम पर लूट बंद हो।

### इनका कहना है

इतनी बारिश नहीं हुई है पानी कैसे भर गया, जहाँ सड़क खराब है वहा सुधरवा देंगे

**गोपाल गुप्ता**, सीएमओ करैरा

## रावसर में विधिक जागरुकता शिविर हुआ आयोजित



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष सतीश चन्द्र शर्मा के मार्गदर्शन में व जिला विधिक सहायता अधिकारी हेमंत कुशवाहा, विष्णु नारायण विरथरे की उपस्थिति में ग्राम पंचायत रावसर में विश्व सामाजिक न्याय दिवस के अवसर पर सामाजिक न्याय और समानता के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया।

यह कार्यक्रम (नालसा) की "गरीबी उन्मूलन योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कानूनी सेवाएं योजना, 2015" के अंतर्गत आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य आमजन, विशेषकर आर्थिक रूप से कमजोर एवं वंचित वर्गों को उनके विधिक अधिकारों एवं सरकारी कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। शिविर में उपस्थित नागरिकों को निःशुल्क विधिक सहायता, लोक अदालत, पीड़ित प्रतिकर योजना, महिला एवं बाल संरक्षण संबंधी कानूनों तथा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

## ट्रेड डील के विरुद्ध 24 को भोपाल में कांग्रेस की महाचौपाल का आयोजन, अधिक संख्या में पहुंचें कार्यकर्ता: भूपेंद्र मुहासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना



ब्लॉक कांग्रेस कमेटी कार्यालय में शनिवार को जिला ग्रामीण कांग्रेस अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह मुहासा ने कार्यकर्ताओं की बैठक ली। बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष सिंह ने बताया कि मोदी सरकार द्वारा अमेरिका के साथ की गई ट्रेड डील में किसानों के साथ हो रहे अन्याय के विरुद्ध, प्रदेश के 3 मंत्रियों के इस्तीफे की मांग एवं प्रदेश में व्याप्त आर्थिक बदहाली और अराजकता के विरुद्ध मप्र कांग्रेस कमेटी द्वारा 24 फरवरी को भोपाल में महा चौपाल आयोजित की जाएगी। जिसमें कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी शामिल होंगे, जो महा चौपाल को संबोधित करेंगे। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं से महा चौपाल में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है। विधानसभा प्रभारी मनोज कपूर ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अमेरिकी ट्रेड डील और हमारे नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार के साथ जिस तरह से अभद्रता की गई वह बर्दाश्त योग्य नहीं है, जो निंदनीय है। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष इंदर सिंह यादव ने कहा मोदी ने देश को लुटवा दिया है। अमेरिकी कोर्ट के आदेश उन देशों पर लागू नहीं होंगे जिन देशों ने अमेरिका से ट्रेड डील कर ली है, मतलब भारत को इसका लाभ नहीं मिलेगा। जिससे किसानों सहित देश को काफी नुकसान होगा। शहर अध्यक्ष अनुराग ठाकुर ने कहा विधानसभा में अभद्रता की गई इससे निंदनीय घटना और क्या हो सकती है। कभी पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार करते हैं तो कभी आम नागरिक और जनप्रतिनिधियों के साथ उनके इस दुर्व्यवहार को लेकर 24 फरवरी को हम सभी को मिलकर भोपाल विधानसभा का घेराव करना है। इसके अलावा ग्राम नौगांव में कांग्रेस पंचायत समिति का गठन किया गया।

इस मौके पर विशेष रूप से शहर कांग्रेस अध्यक्ष अनुराग ठाकुर, श्याम व्यास, प्राण सिंह कुशवाहा, शशि मोहन तिवारी, ओमप्रकाश पासु, प्रमोद राय, विक्रांत गोलंदाज, मोतीलाल अहिरवार, अशोक परिहार, नरेंद्र सिंह ठाकुर, विनोद पोरिया, देवेंद्र कुशवाहा, सुरेश तिवारी नाही, मनोज कैथोरिया, एडवोकेट राजाराम अहिरवार, रामकिशन अहिरवार, रोहित जैन, मेहरबान अहिरवार, शिवकुमार चढ़ार, एडवोकेट कृष्णा कैथोरिया, ममता अहिरवार, शशि राय, विमल अहिरवार चंदू पटेल, रोहित जैन, सतपाल पटेल, पुरुषोत्तम तिवारी, मोनू अहिरवार, भारत भूषण सोनी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ओमप्रकाश पासु एवं आभार विक्रांत गोलंदाज ने किया।

### शिवपुरी पुलिस ने की साइबर अपराधों में बड़ी कार्यवाही

## अश्लील विडियो रिकॉर्डिंग व डिजीटल गिरफ्तारी से डराकर रुपए ऐंठने वाले 20 आरोपी किए गिरफ्तार




हरिभूमि न्यूज ▶▶ करैरा

पुलिस द्वारा महिलाओं के नाम से फर्जी व्हाट्सएप एकाउंट बनाकर लोगों की अश्लील रिकार्डिंग कर स्वंय को पुलिस अधिकारी बताकर उन्हें बलात्कार चाईल्ड पोर्नग्राफी जैसे गंभीर अपराधों में फसाने का डर दिखाकर केस सेटल करने के नाम पर पैसे वसूलने एवं वित्तीय धोखाधड़ी करने वाले आरोपीगण को गिरफ्तार कर माल मशरुका जप्त किया। पुलिस महानिदेशक महोदय म.प्र. भोपाल कैलाश मकवाणा एवं एडीजी सायबर तथा गुप्त वार्ता ए साई मनोहर के निर्देशन मे मध्य प्रदेश पुलिस द्वारा प्रदेश भर मे सायबर सुरक्षा, सायबर अपराधों एवं म्यूल खातों पर प्रतिबंध लगाने हेतु प्रदेश स्तर पर ह्यऑपरेशन मेट्रिक्सह्न चलाया जा रहा है, ह्यऑपरेशन मेट्रिक्सह्न मे फर्जी बैंक खातों का संचालन करने वालों के बिरुद्ध पुलिस द्वारा इकाईयों में सायबर अपराधियों पर शिकंजा कसने हेतु लगातार प्रयास कर कार्यवाही की जा रही हैं। इसी तारतम्य मे पुलिस महानिरीक्षक ग्वालियर जोन अरविंद कुमार सक्सेना एवं पुलिस उप महानिरीक्षक महोदय ग्वालियर जोन अमित सांघी द्वारा सायबर अपराधों मे कमी लाने हेतु जोन अंतर्गत म्यूल(फर्जी बैंक खाता) धारकों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देश जारी कर मोनिटरिंग की जा रही है।

सायबर अपराधों मे प्रभावी कार्यवाही एवं नियंत्रण हेतु पुलिस अधीक्षक अमन सिंह राठौड़ द्वारा जिले मे सायबर जागरुकता हेतु लगातार प्रयास किये जा रहे हैं एवं अभियान चलाकर लोगों को सायबर अपराधों के बारे मे जागरुक किया जा रहा है, इसी के साथ पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के द्वारा सायबर अपराधों मे तुरंत एवं प्रभावी कार्यवाही हेतु एसडीओपी करैरा आयुष जाखड़ (कढर) एवं एसडीओपी पिछोर श्री प्रशांत शर्मा के नेतृत्व मे 09 पुलिस टीमों का गठन किया गया है जिसमे निरीक्षक विनोद सिंह छावई थाना प्रभारी करैरा, निरीक्षक घनश्याम भदौरिया थाना प्रभारी भौती, उनि. चेतन शर्मा थाना करैरा, उनि. अंशुल गुप्ता थाना प्रभारी अमोला, उनि. अरविंद छारी थाना प्रभारी सुरवाया, उनि. धर्मेन्द्र गुर्जर चौकी प्रभारी हिम्मतपुर, उनि. सुनील राजपूत थाना प्रभारी सतनबड़ा, उनि आदित्य सिंह थाना कोतवाली, उनि रामकिशोर जोशी थाना पिछोर तथा उनि सौरभ तोमर थाना कोलारस एवं उनि अभिमन्यु सिंह राजापत चौकी प्रभारी आमोलपठा शामिल हैं।

उक्त पुलिस टीमों के द्वारा प्रभारी कार्यवाही करते हुये गत एक सप्ताह मे सायबर अपराधियों के विरुद्ध 04 एफआईआर दर्ज की गयी जिसमे कुल 32 आरोपी बनाये गये, 20 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया तथा अपराध मे प्रयुक्त समान की जप्ती की गयी जिसमे 29 मोबाइल, 07 चार पहिया वाहन जिनकी अनुमानित कीमत 01 करोड़ रुपये है, एक मोटर सायकल, एक लाख बीस हजार रुपये नगद, बैंकों की पास बुक, एटीएम कार्ड, क्रेडिट कार्ड तथा सिम कार्ड सामिल हैं। यह आरोपी पीड़ितों से अश्लील चैट करते थे तथा चैट की रिकॉर्डिंग कर लेते थे।

बाद मे स्वयं को पुलिस बाला बताकर लोगों को बलात्कार के झूठे केस मे फसाने की धमकी देते और उसके बदले मे पैसों की बसूली करते थे। इस अपराध मे प्रयुक्त एप्लीकेशन्स दिनांक 20.02.2026 को थाना करैरा द्वारा मुखबिर सूचना पर दबिस दी गयी जिसमे कुछ लोग खुद को पुलिस बाला बताकर लोगों को डराधमका कर जबरन बसूली कर रहे थे । मौके पर पुलिस टीम ने पहुंचकर 10 लोगों को राउंडअप किया तथा 07 लोग मौके से फरार हो गये।

## मनुष्य का जीवन कठिन है परंतु उसको सरल और सहज बनाने के लिए व्यस्त रहें: डॉ उमा लवानिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीना

गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज में मानसिक स्वास्थ्य एवं छात्र कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत द्वितीय सप्ताह में कॉलेज के शिक्षक काउंसलरों के माध्यम से योग ध्यान एवं प्राणायाम, अभिभावकों के लिए मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, तनाव प्रबंधन कार्यशाला, मैं अकेला नहीं हूं विषय पर समूह चर्चा जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विद्यार्थियों को दिशा निर्देश दिए गए। कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर रश्मि जैन ने कहा कि योग ध्यान एवं प्राणायाम करने से मानसिक तनाव से मुक्ति, एकाग्रता में वृद्धि एवं दिनचर्या को आप व्यवस्थित तरीके से व्यतीत कर सकते हैं। जिसके दूरगामी परिणाम आपको सकारात्मक दिखाई देंगे। नोडल अधिकारी डॉ उमा लवानिया ने कहा कि तनाव और चिंता हर मनुष्य के जीवन में है। मनुष्य का जीवन कठिन है परंतु उसे सरल और सहज बनाने के लिए हम अपने आप को व्यस्त रखें, अच्छा साहित्य पढ़े ,संगीत सुनें, समाज सेवा से जुड़ें, अपने परिवार के प्रति हमेशा समर्पित रहें, यदि हम ऐसा करते हैं तो हम तनाव मुक्त रहकर अपने आप को अकेला महसूस नहीं करेंगे और यही जीवन जीने की कला है।

कॉलेज के शिक्षक काउंसलरों ने अपने-अपने कार्यक्रमों के माध्यम से विद्यार्थियों को शारीरिक, मानसिक, आध्यात्मिक एवं आत्मिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक, सहयोगात्मक भाव रखना, नियमित कक्षाओं में उपस्थित होना, परीक्षा की पूर्ण तैयारी करना, आत्मविश्वास बनाए रखना, हम अकेले नहीं हैं इस बात का भ्रम दूर करना, मन को शांत एवं एकाग्र बनाना, परिवार-मित्र-समाज-शिक्षक को अपना मित्र बनाना, ईश्वर पर विश्वास रखना, निराश नहीं होना, वर्तमान में जीना, पर्याप्त नींद लेना, खुश रहना आदि अन्य अनेक विषयों पर दिशा निर्देश दिए। शिक्षक काउंसलरों में प्रकाश चंद, मृणालिनी मिश्रा, सत्यम कुर्मी, डॉक्टर हरिशंकर सेन, डॉक्टर दिनेश राय, डॉक्टर विशाल मिश्रा, डॉक्टर निशि भदोरिया, यशवंत शर्मा, नवीन नामदेव, नीता नामदेव, आरती ठाकुर, डॉक्टर कृतिका रत्नाकर, राजीव लोधी, मनीता राजपूत, कीर्ति ठाकुर, अरुण उपाध्याय, शोधार्थी शुभम राठौर, ज्योति राठौर रहे।